दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण

केंद्रीय कार्यालय, पटियाला हाउस न्यायालय परिसर, नई दिल्ली – 110001
फोन : 23384781, ईमेल: dslsa-phc@nic.in, वेबसाइट: www.dslsa.org

विज्ञापन संख्या : 322/DSLSA/Estt./Rehab.Acid-Attack_Victims

विज्ञापन

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 24.03.2020 सायं 5.00 बजे तक, केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से।

विक्टिम मुआवजा योजना के तहत पुनर्वास के लिए भारत के एसिड अटैक विक्टिम्स नागरिकों से निर्धारित प्रोफार्मा पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के विरुद्ध भर्ती राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अंदर किए गए एसिड अटैक से संबंधित अपराधों के विक्टिम्स तक सीमित है।

रिक्तियों की संख्या : 07

पदः अवर श्रेणी लिपिक (Lower Division Clerk)

वेतनमानः 7वें सी.पी.सी. के पे मैट्रिक्स लेवल–2 के अनुसार रु.19900 से 63200।

नियुक्ति के लिए नियम और शर्तें निम्नानुसार हैं:

आयु: 24.03.2020 को उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

आरक्षणः पद केवल एसिड अटैक विक्टिम्स के पुनर्वास के लिए आरक्षित हैं। अधिकतम से न्यूनतम तक एसिड से जलने वाले प्रतिशत के आधार पर चयन को प्राथमिकता दी जाएगी।

शैक्षिक योग्यताः अधिमानतः 10+2 पास या किसी मान्यता प्राप्त राज्य / केंद्रीय शिक्षा बोर्ड से पास। कंप्यूटर पर काम करने का ज्ञान विशेषकर माइक्रोसॉफ्ट–ऑफिस की जानकारी होना जरूरी है।

योग्यता में छूटः उम्मीदवार जो किसी भी मान्यता प्राप्त राज्य/केंद्रीय शिक्षा बोर्ड से मैट्रिकुलेशन (10वीं) या समकक्ष उत्तीर्ण हैं, वे भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं बशर्ते चयनित उम्मीदवार को अपनी सेवा के पहले 5 वर्षों के भीतर किसी भी मान्यता प्राप्त राज्य/केंद्रीय शिक्षा बोर्ड से 10+2 या समकक्ष शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण करनी होगी, इसमें असफल होने वाले कर्मचारी की सेवाओं को समाप्त कर दिया जाएगा। यह भी ध्यान देना होगा कि अपेक्षित योग्यता प्राप्त करने तक, चयनित उम्मीदवार को अस्थायी माना जाएगा और उसकी परिवीक्षा अवधि उस दिन से शुरू होगी जब उम्मीदवार मान्यता प्राप्त राज्य/केंद्रीय शिक्षा बोर्ड से 10+2 या समकक्ष योग्यता पूरा करेगा।

चयन–प्रक्रियाः आवेदन और दस्तावेजों की जांच करने पर, यदि उम्मीदवार न्यूनतम उल्लिखित मानदंडों अर्थात आयु, योग्यता, अनुभव आदि को पूरा करता है तो उम्मीदवार को एसिड बर्निंग की चिकित्सीय जाँच के लिए बुलाया जाएगा। उम्मीदवार को बर्न प्रतिशत के साथ एसिड बर्निंग सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा। उसके बाद ही उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। चिकित्सीय जाँच और साक्षात्कार की तारीखों के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट **www.dslsa.org** पर अपलोड कर दी जाएगी।

उम्मीदवार का अंतिम चयन उपर्युक्त शर्तों, उम्मीदवार की उपयुक्तता और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

आवेदन भेजने मात्र से आवेदक को प्राधिकरण में किसी भी सेवा / नौकरी का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। अंतिम चयन होने पर, उम्मीदवार (जो पहले से ही 10+2 उत्तीर्ण कर चुके हैं या समकक्ष या अधिक शैक्षिक योग्यता रखते हैं) एक वर्ष के लिए परिवीक्षा पर होंगे जो कि नियमों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

एक वर्ष के भीतर कंप्यूटर पर 30 श.प्र.मि. की न्यूनतम गति के साथ अंग्रेजी टाइपिंग परीक्षा उत्तीर्ण करना सभी चयनित उम्मीदवारों के लिए एक शर्त होगी।

चयनित उम्मीदवार को दिल्ली/नई दिल्ली की परिधि में दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (DSLSA) के किसी भी कार्यालय में नियुक्त किया जा सकता है।

आवेदन का प्रोफार्मा प्राधिकरण की वेबसाइट www.dslsa.org पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के तहत उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे रिक्तियों के संबंध में किसी भी अपडेट के लिए नियमित रूप से दि.रा.वि.से.प्रा. (DSLSA) की वेबसाइट देखें।

गौतम मनन
विशेष सचिव
दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण

C M Y K